अहमदाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा

1162. श्री अनन्तराय देवशंकर दवेः क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें किःs

(क) देश में इस समय राज्यवार कितने और कौन-कौन से केन्द्रीय विश्वविद्यालय है;

(ख) क्या गुजरात में किसी विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है;

(ग) क्या सरकार ने अहमदाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया है;

(घ) यदि नही तो इसके क्या कारण है;

(ड) क्या सरकार का विचार अहमदाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने का है, और

(च) यदि हां, तो उक्त दर्जा कब तक प्रदान किये जाने की संभावना है?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया)ः

(क) जैसाकि नीचे दर्शाया गया है देश में अभी तक 14 केन्द्रीय विश्वविद्यालय हैः-

दिल्ली

1. दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
2. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
3. जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।

आन्ध्र प्रदेश

1. हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद

असम

1. असम विश्वविद्यालय, सिल्वर
2. तेजपुर विश्वविद्यालय, तेजपुर

मेघालय

1. उत्तर-पूर्व पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग

नागालैंड

1. नागालैंड विश्वविद्यालय, कोहिमा

पांडिचेरी

1. पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी

उत्तर प्रदेश

1. बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी
2. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
3. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय,लखनऊ

पश्चिम बंगाल

1 विश्व भारती, शांतिनिकेतन

(ख) और (ग) जी, नहीं

(घ) से (च) राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना राज्य विधान के अंतर्गत की जाती हैं। राज्य विश्वविद्यालयों को केन्द्रिय विश्वविद्यालय में परिवर्तित करने में कानूनी कठिनाईंया भी हैं। इसके अतिरिक्त, संसाधन की कमियों को देखते हुए तथा नए केंद्रीय विश्वविद्यालयों को खोलने के स्थान पर विद्यामान संस्थानों को समेकित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार इस प्रकार के किसी भी परिवर्तन के पक्ष में नहीं हैं।

Revaluation of CBSE Papers

1163. DR. B.B. DUTTA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

the number of students who had applied for the revaluation of their papers after declaration of the results of the 12th standard Examination held in 1997 by the C.B.S.E.;

the number of students out of the above in the cases of whom the marks have been changed after the revaluation;

whether existing system of revaluation is being changed by not only totalling the marks but actually revaluating them; and

if so, the changes proposed to be made to bring the transparency and independent control in the system of revaluation?;

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI MUHI RAM SAIKIA): (a) and (b) As per the information furnished by the Central Board of Secondary Education (CBSE), the Board does not have the system of re-evaluation. However, the